# UTTARAKHAND HIGHER JUDICIAL SERVICE
# LIMITED COMPETITIVE EXAMINATION-2021

## PAPER-1

**Maximum Marks: 100** **Time: 02 Hours**

**Note:**
- **(i) All questions are Compulsory.**
- **(ii) Candidate can answer the Questions in English or in Hindi.**

---

## CIVIL LAW (30 Marks)

Q. 1 What are the guiding principles for grant of temporary injunction?

अस्थाई निषेधाज्ञा जारी करने के मार्गदर्शक सिद्धान्त क्या हैं ?

(05 Marks)

Q. 2 "*Doctrine of part-performance can be used as a shield not as a sword.*" Explain the doctrine of part-performance in the light of the above statement.

"*भागिक पालन का सिद्धान्त ढाल के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है न कि तलवार के रूप में।*" इस कथन के प्रकाश में भागिक पालन के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए।

(05 Marks)

Q. 3 What are the grounds of divorce under the Special Marriage Act, 1954. Discuss in brief.

विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अन्तर्गत विवाह–विच्छद हेतु कौन से आधार उपलब्ध हैं ? संक्षेप में वर्णन करें।

(05 Marks)

Q. 4 The right of the landlord to determine lease of the tenant gets limited if the provisions of the Uttar Pradesh Urban Buildings (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972 are applicable on the lease property. Discuss and give the grounds for the eviction if the said Special Act is applicable.

किसी भवन स्वामी के किरायेदार की किरायेदारी समाप्त करने के अधिकार सीमित हो जाते हैं यदि किरायेदारी की सम्पत्ति पर उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये और बेदखली का विनियमन) अधिनियम, 1972 के प्राविधान लागू होते हैं। व्याख्या करें और बेदखली के आधारों का वर्णन करें यदि उक्त विशेष अधिनियम लागू होता है।

(05 Marks)

69

Q. 5 Write short notes on the following:

a. Contract of indemnity

b. Novation of contract

c. Partnership at will

d. *Volenti non fit injuria*

e. Void and Voidable Marriage under the Hindu Marriage Act, 1955

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :

क. क्षतिपूर्ति की संविदा

ख. संविदा का नवीयन

ग. इच्छाधीन भागीदारी

घ. वालेन्टाई नान फिट इन्जूरिया

ङ. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अंतर्गत शून्य और शून्यकरणीय विवाह

(05 Marks)

Q. 6 What is the evidentiary value of a document, which requires compulsory registration, but has not been registered?

ऐसे दस्तावेज का साक्षिक मूल्य क्या है जिनका रजिस्ट्रीकरण अनिवार्य हो, किन्तु रजिस्ट्रीकरण न किया गया हो ?

(05 Marks)

## CRIMINAL LAW (30 Marks)

Q. 7 Write a brief note on the nature of burden of proof on an accused, who takes the plea of insanity under Indian Penal Code. Explain with the help of case-law.

एक अभियुक्त, जो भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत उन्मत्तता का आधार लेता है, उस पर सबूत के भार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। निर्णय–विधि के साथ स्पष्ट करें।

(10 Marks)

Q. 8 "A" and "B" together enter into a shop of home appliances at 08:00 p.m. by breaking open its window to commit theft. A servant was sleeping inside the shop, who woke up on hearing the noise. When he confronted "A" and "B" while they were committing theft, "A", apprehending threat to their lives and in

70

order to defend himself, picked up a kitchen knife lying in the shop and stabbed the servant. Both "A" and "B" ran away from the spot without taking away any property with them. Though the knife blow was not fatal but the servant succumbed to the injuries next day due to loss of blood as he could not get timely medical treatment. Decide the culpability of "B".

'अ' और 'ब' मिलकर चोरी करने के लिए रात के आठ बजे घरेलू उपकरणों की एक दुकान में खिड़की तोड़कर घुस जाते हैं। दुकान में एक नौकर सो रहा था, जो आवाज सुनकर उठ जाता है। जब उसका चोरी करते हुए 'अ' और 'ब' से सामना होता है, 'अ' अपने जीवन को खतरे में पाने की शंका में और स्वयं के बचाव में दुकान में पड़े एक रसोई के चाकू को उठाता है और नौकर को चाकू घोंप देता है। 'अ' और 'ब' दोनो अपने साथ कोई सामान लिए बिना घटनास्थल से भाग जाते हैं। यद्यपि चाकू का वार घातक नहीं था, किन्तु अत्यधिक खून बहने और समय पर चिकित्सा उपचार न मिल पाने के कारण नौकर अगले दिन चोट के कारण मर जाता है। 'ब' के दोष पर निष्कर्ष दीजिये।

(10 Marks)

Q. 9 'A', by instigation, voluntarily causes 'B', a person under eighteen years of age, to commit suicide. Here, on account of 'B's' minority, he was incapable of giving consent to his own death. What offence has 'A' committed?

'अ' स्वेच्छा से अठारह वर्ष की आयु से कम 'ब' को आत्महत्या करने के लिए उकसाता है। यहाँ 'ब' अपनी अल्प–व्यस्कता के कारण अपनी ही मृत्यु के संबंध में निर्णय लेने में असमर्थ था। 'अ' के द्वारा कौन सा अपराध कारित किया गया ?

(05 Marks)

Q. 10 Explain criminal conspiracy. How is it punishable? Distinguish between abetment and criminal conspiracy.

आपराधिक षड़यंत्र की व्याख्या कीजिए। यह किस प्रकार दण्डनीय है ? दुष्प्रेरण और आपराधिक षड़यंत्र में अन्तर बताइए।

(05 Marks)

## CONSTITUTIONAL LAW (20 Marks)

Q. 11 It is a misnomer that the district judiciary has no role in implementing the Constitution. Comment.

यह एक मिथ्या है कि जिले की न्यायपालिका की संविधान को अमल में लाने में कोई भूमिका नहीं है। टिप्पणी करें।

(10 Marks)

Q. 12 Explain the concept of "Right to Privacy" in the light of recent Supreme Court judgments.

(71)

उच्चतम न्यायालय के नवीनतम् निर्णयों के प्रकाश में, "निजता के अधिकार" की व्याख्या करें।

(05 Marks)

Q. 13 Distinguish between 'procedure established by law', and 'due process of law'.

'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' और 'विधि की सम्यक प्रक्रिया' में अन्तर बताईये।

(05 Marks)

**PROCEDURAL LAW (20 Marks)**

Q. 14 Explain the provisions under the Indian Evidence Act, 1872 dealing with admissibility of electronic records. Mention the relevant case-law.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के उन प्राविधानों को स्पष्ट कीजिए जो इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की ग्राह्यता से संबंधित हैं। सुसंगत निर्णय–विधियों का उल्लेख करें।

(05 Marks)

Q. 15 A suit is filed by 'A' against his mother, two brothers and one sister for partition of the property left by the father saying that he has one-fifth share in the property. According to him, the property was purchased by the father with his own earning. Accordingly, the father was the sole owner of the property during his lifetime. Plaintiff further says that after death of the father, all the parties to the suit are the joint owners, and each has one-fifth share. All the defendants contest the suit by filing their respective written statements. The mother of the parties files her separate written statement with counter-claim that, on the basis of one registered gift-deed executed by her husband, she is the sole owner of the property. She also challenges the way the suit has been valued, and the court fees has been paid. According to her, the suit is undervalued, and insufficient court fee has been paid. The counter-claim is countered by the plaintiff, as well as by the other defendants saying that no gift-deed was executed by their father in his lifetime. Frame the issues, also covering the pleadings in the counter-claim.

'अ' के द्वारा पिता द्वारा छोड़ी गयी सम्पत्ति के विभाजन के लिए एक विभाजन वाद अपनी माता, दो भाईयों और एक बहन के विरूद्ध इन कथनों के साथ योजित किया जाता है कि सम्पत्ति में उसका पांचवा हिस्सा है। उसके अनुसार, सम्पत्ति पिता के द्वारा अपनी आय से क्रय की गयी थी और तद्नुसार वह अपने जीवनकाल में सम्पत्ति के एक–मात्र स्वामी थे। वादी आगे यह कथन करता है कि पिता की मृत्यु के उपरान्त वाद के समस्त पक्षकार संयुक्त स्वामी हैं, और प्रत्येक का पांचवा हिस्सा है। सभी प्रतिवादीगण अपना–अपना उत्तर–पत्र दाखिल कर प्रतिवाद करते हैं। पक्षकारों की माता पृथक से उत्तर–पत्र के साथ प्रतिदावा इन कथनों के साथ दाखिल करती है कि पति के द्वारा निष्पादित पंजीकृत दान–पत्र के आधार पर वह सम्पत्ति की तन्हा स्वामिनी है। वह वादी द्वारा किये गये वाद के मूल्यांकन और अदा की गयी न्यायालय फीस पर भी आपत्ति करती है। उसके अनुसार वाद का मूल्यांकन कम किया

गया है और अपर्याप्त न्यायालय फीस अदा की गयी है। प्रतिदावे के विरूद्ध वादी और अन्य प्रतिवादीगणों के द्वारा इन कथनों के साथ प्रतिवाद किया जाता है कि उनके पिता के द्वारा अपने जीवनकाल में कोई दान–पत्र निष्पादित नहीं किया गया। प्रतिदावे के अभिवचनों को भी सम्मिलित करते हुए विवाद्यकों की रचना कीजिए।

(10 Marks)

Q. 16 How and to what extent a decree can be executed against the legal representative of deceased judgment debtor?

किसी निर्णित ऋणी के विधिक प्रतिनिधियों के विरूद्ध डिक्री का निष्पादन कैसे एवं किस सीमा तक हो सकता है ?

(05 Marks)

*********************